भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 159
02 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए

असम में नए सैनिक स्कूल

159. श्री प्रद्युत बोरदोलोई :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) असम में कितने नए सैनिक स्कूल स्वीकृत किए गए हैं ;

(ख) असम में इन नए सैनिक स्कूलों की स्थापना के लिए कितनी निधि आवंटित की गई है ;

(ग) असम में इन नए सैनिक स्कूलों के निर्माण पर कितना व्यय किया गया है ;

(घ) असम में नए सैनिक स्कूलों की स्थापना हेतु निजी संस्थाओं के साथ हस्ताक्षरित किसी भी सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) समझौते के संबंध में कोई जानकारी है; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो पीपीपी समझौतों में शामिल न होने के क्या कारण हैं?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) से (ग) एनजीओ/निजी संस्थाओं/ राज्य सरकारों के साथ साझेदारी में 100 नए सैनिक स्कूलों की स्थापना की पहल के तहत रक्षा मंत्रालय द्वारा असम राज्य में दिमा हासाओ और कछार में दो नए सैनिक स्कूलों को अनुमोदन प्रदान किया गया है। साझेदारी माध्यम से सैनिक स्कूलों के निर्माण का व्यय रक्षा मंत्रालय द्वारा नहीं किया जाता है।

(घ) और (ड.) माहुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दिमा हासाओ से विधिवत रूप से सहमत/हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन प्राप्त नहीं हुआ है। इसके अलावा, असम सरकार के माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने कछार में नए सैनिक स्कूल के लिए अपेक्षित अनुमोदन शुल्क जमा नहीं किया है ।

*****